सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-369
26/08/2017

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण

पटना 26 अगस्त, 2017 :– प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी ने किया बाढ़ प्रभावित चार जिले पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज एवं अररिया के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण। हवाई सर्वेक्षण के उपरांत पूर्णिया के चूनापुर हवाई अड्डा पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी।

चूनापुर हवाई अड्डा पर बाढ़ से संबंधित की गयी समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह ने राज्य की तरफ से प्रधानमंत्री के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्यमंत्री ने भी प्रस्तुतीकरण के दौरान मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने बताया कि बिहार में इस बार गैर परम्परागत क्षेत्रों में बाढ़ आयी है। बाढ़ के कारण बिहार में काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री को तुरंत राहत उपलब्ध कराने के लिये धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत एव बचाव कार्य में एन0डी0आर0एफ0 की टीम, सेना की टीम तथा एयर फोर्स के हेलिकॉप्टरों द्वारा कार्य किया जा रहा है, जिससे बहुत लोगों को समय पर राहत पहुँचायी गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से आधारभूत संरचना खासकर सड़क, पुल–पुलिया, नहर, बांध को काफी नुकसान हुआ है। उन्होनें कहा कि भारत–नेपाल सीमा सड़क पर भी काफी नुकसान हुआ है, केन्द्र सरकार को इस पर विचार करना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की उँचाई तथा सड़कों में वाटर वेज की समुचित व्यवस्था करने पर विचार करना चाहिये। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि बिहार सरकार द्वारा बाढ़ से हुये नुकसान से संबंधित विस्तृत मॉग पत्र जल्द ही समर्पित कर दिया जायेगा।

समीक्षा में प्रधानमंत्री ने सभी बातों को गंभीरता के साथ स्वीकार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि गैर परम्परागत क्षेत्र में आये बाढ़ से काफी नुकसान हुआ है। नुकसान का आकलन करने के लिये केन्द्र सरकार की टीम भी आयेगी। बिहार को हर संभव सहायता दी जायेगी, साथ ही भविष्य में इंस्टीच्यूशनल व्यवस्था बनाने पर भी बल दिया जायेगा। प्रधानमंत्री ने तत्कालीन सहायता के रूप में 500 करोड़ रूपये बिहार को देने की घोषणा की साथ ही कहा कि राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली ज्ञापन पर समुचित विचार किया जायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री राहत कोष से बिहार में आयी बाढ़ में मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रूपये तथा गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रूपये का अतिरिक्त अनुदान दिया जायेगा।

इससे पूर्व आज चूनापुर हवाई अड्डा पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री दिनेश चन्द्र यादव, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधानमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव श्री पी0के0 मिश्रा, अपर सचिव पी0एम0ओ0 श्री तरूण बजाज, प्रधान सचिव जल संसाधन विभाग श्री अरूण कुमार सिंह, विशेष प्रमंडलीय आयुक्त पूर्णिया सह प्रधान सचिव कृषि विभाग श्री सुधीर कुमार, प्रधान सचिव मंत्रिमंडल समन्वय श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, प्रधान सचिव आपदा श्री प्रत्यय अमृत, प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सचिव ग्रामीण कार्य विभाग श्री विनय कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******